(16)

# मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी

कृपया पत्रावली में दाहिनी तरफ रक्षित निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र सं0 सी-968 दिनांक 20.09.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासनादेश संख्या-19/2023/3975/58-1-2022-2/1(22)10 टी0 सी0 दिनांक 21.03.2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का अनुसरण करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया हेतु समय-सारणी निर्धारित करते हुए भर्ती की कार्यवाही Mission Mode में पूर्ण कराने हेतु अपेक्षा की गयी है पताका 'क'।

उपरोक्त निर्देश के अनुपालन में अवगत कराना है कि आंगनबाड़ी भर्ती पोर्टल upanganwadibharti.in के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन की कार्यवाही सीधी भर्ती प्रकिया के तहत कार्यवाही Mission Mode में पूर्ण कराने के लिए समय-सारणी का निर्धारण किया गया है। जिसके अनुसार वह जनपद जहॉ पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित नहीं की गई है उनके लिये समय-सारणी का निर्धारण निम्नानुसार हैः-

| क0सं0 | प्रक्रिया का विवरण | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | रिक्तियों को पोर्टल पर फीड करने के उपरान्त चयन समिति के अध्यक्ष से अनुमोदन प्राप्त करके विज्ञप्ति प्रकाशित करने की कार्यवाही | 07 दिन |
| 2 | आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका के आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु | 21 दिन |
| 3 | ओ.टी.पी. के आधार पर पोर्टल पर ब्राडशीट जनरेट करना | 15 दिन |
| 4 | शासनादेश में दी गई व्यवस्थानुसार मेरिट के आधार पर चयन की प्रक्रिया | 07 दिन |
| 5 | आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों को डाउनलोड कर अभिलेखों का भौतिक सत्यापन (जो अभिलेख API से सत्यापन न हो पायें) | 15 दिन |
| 6 | चयनित अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र भर्ती पोर्टल पर तैयार कराना | 07 दिन |
| | **कुल अवधि** | **72 दिन** |

पत्रावली के गत नोट शीट सं0 14 पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा उक्त विज्ञप्ति प्रकाशित किये जाने हेतु दिनांक 13.03.03.2024 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से परीक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। तत्क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमेठी ने दिनांक 15.03.2024 को उक्त विज्ञप्ति के संबंध में अपनी आख्या प्रस्तुत की गयी, किन्तु दिनांक 16.03.2024 को लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो जाने के कारण उक्त विज्ञप्ति का प्रकाशन नही किया जा सका।

अवगत कराना है कि जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से रिक्त 475 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से 44 आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित होने एवं 03 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समायोजन होने एवं 01 आंगनबाड़ी कार्यकत्री का प्रार्थना पत्र प्रकियाधीन है। इस प्रकार अवशेष 427 रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पदों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क0सं0 | परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | आं0बा0 कार्यकत्री के रिक्त पद | | | ई0डब्लू0एस0 | कुल आं0बा0 कार्यकत्री के रिक्त पदों की सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु0जाति | अ0पि0वर्ग | अनारक्षित | | |
| 1 | भादर | ग्रामीण | 7 | 7 | 11 | 2 | 27 |
| 2 | भेटुआ | ग्रामीण | 6 | 6 | 10 | 3 | 25 |

CamScanner

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | बहादुरपुर | ग्रामीण | 8 | 9 | 10 | 4 | 31 |
| 4 | गौरीगंज | ग्रामीण | 10 | 12 | 17 | 4 | 43 |
| 5 | संग्रामपुर | ग्रामीण | 5 | 4 | 8 | 1 | 18 |
| 6 | अमेठी | ग्रामीण | 7 | 8 | 13 | 3 | 31 |
| 7 | जगदीशपुर | ग्रामीण | 12 | 15 | 25 | 7 | 59 |
| 8 | सिंहपुर | ग्रामीण | 6 | 6 | 7 | 2 | 21 |
| 9 | शाहगढ़ | ग्रामीण | 7 | 8 | 9 | 3 | 27 |
| 10 | बजारशुकुल | ग्रामीण | 3 | 3 | 5 | 1 | 12 |
| 11 | मुसाफिरखाना | ग्रामीण | 12 | 13 | 19 | 4 | 48 |
| 12 | तिलोई | ग्रामीण | 9 | 12 | 18 | 5 | 44 |
| 13 | जामों | ग्रामीण | 10 | 11 | 16 | 4 | 41 |
| कुल योगः– | | | **102** | **114** | **168** | **43** | **427** |

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्रीं) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर आनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नही किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु कम से कम 21 दिवस का समय दिया जायेगा।
7. मा0 उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका सं0 ए 4746/2024 श्रीमती चन्द्रकली बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में आंगनबाड़ी केन्द्र खरगपुर 1 भादर, रिट याचिका सं0 ए 3653/2024 श्रीमती मालती देवी बना म उ0प्र0 राज्य व अन्य में आंगनबाड़ी केन्द्र कौहार 1 शाहगढ़ एवं रिट याचिका सं0 ए 2617/2024 श्रीमती श्यामपती बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में आंगनबाड़ी केन्द्र कटारी पूरब जामों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भर्ती प्रकिया मा0 उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ द्वारा पारित अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।
8. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

CamScanner

अवगत कराना है कि मा0 उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका सं0 ए 4746/2024 श्रीमती चन्द्रकली बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में आंगनबाड़ी केन्द्र खरगपुर 1 भादर, रिट याचिका सं0 ए 3653/2024 श्रीमती मालती देवी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में आंगनबाड़ी केन्द्र कौहार 1 शाहगढ़ एवं रिट याचिका सं0 ए 2617/2024 श्रीमती श्यामपती बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में आंगनबाड़ी केन्द्र कटारी पूरब जामों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भर्ती प्रकिया मा0 उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ द्वारा पारित अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

अतएवं उपरोक्तानुसार जनपद में विकास खण्डवार 427 आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान करने का कष्ट करें।

(संतोष कुमार श्रीवास्तव)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
अमेठी

सूरज पटेल
मुख्य विकास अधिकारी
जनपद–अमेठी

(निशा अनंत)
जिला मजिस्ट्रेट,
अमेठी (उ0प्र0)